प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 रविवार दिनांक 24.08.2025

मुख्य समाचारः—

- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज दिल्ली विधानसभा में दो दिवसीय अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन का उद्घाटन किया—छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह भी हो रहे हैं शामिल।

- राजधानी रायपुर में आयोजित सहकार राष्ट्रीय बुनकर अधिवेशन को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने बुनकरों से समय के अनुसार नई तकनीक अपनाने का आह्वान किया।

- खेल विभाग ने इस वर्ष विभिन्न खेल पुरस्कारों से सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों की सूची जारी की।

- प्रदेश में आज फिट इंडिया मिशन के तहत विभिन्न जिलों में निकाली गई साइकिल रैली।

स्पीकर—सम्मेलन

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज दिल्ली विधानसभा में दो दिवसीय अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन का उद्घाटन किया। यह सम्मेलन केंद्रीय विधानसभा के पहले निर्वाचित अध्यक्ष विट्ठलभाई पटेल के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित किया गया है। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि देश की स्वतंत्रता की ही तरह, आज़ादी के बाद देश को लोकतांत्रिक तरीक़े से चलाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वीर विट्ठलभाई पटेल ने देश को भारतीय आदर्शों पर लोकतांत्रिक तरीक़े से चलाने की आधारशिला रखी थी। श्री शाह ने कहा कि सदन में देश की जनता के मुद्दों को निष्पक्ष रूप से उठाने का अवसर दिया जाना चाहिए। गृहमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित करना हर सदस्य की ज़िम्मेदारी है कि सदन का कामकाज नियमानुसार चले।

सम्मेलन में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह भी शामिल हो रहे हैं। इस अवसर पर डॉक्टर सिंह ने भारत लोकतंत्र की जननी विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

राष्ट्रीय बुनकर अधिवेशन

राजधानी रायपुर में आयोजित दो दिवसीय सहकार राष्ट्रीय बुनकर अधिवेशन का आज समापन हुआ। अधिवेशन के अंतिम दिन राज्यपाल रमेन डेका शामिल हुए। अधिवेशन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में अनसुंधान और विकास पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने बुनकारों से आव्हान किया कि वे समय के अनुसार उत्पादों में नवीन तकनीकों को अपनाएं और मांग के अनुरूप उत्पादों के डिजाईन में बदलाव लाएं। राज्यपाल ने बुनकरों से कहा कि वे 'सहकार से समृद्धि' के मंत्र के साथ आगे बढ़ें और इस अभियान को हर घर, हर व्यक्ति तक पहुंचाएं।

मुख्यमंत्री–जापान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने जापान प्रवास के दौरान टोक्यो में बॉयस एंड मूर्स इंटरनेशनल कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर अविनाश तिवारी से मुलाकात की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में औद्योगिक निवेश और उद्योग स्थापना की संभावनाओं पर चर्चा हुई। गौरतलब है कि अविनाश तिवारी बस्तर जिले के तोकापाल क्षेत्र के रहने वाले हैं। उन्होंने दंतेवाड़ा जिले के बारसूर नवोदय विद्यालय से पढ़ाई की है।

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने जापान के टोक्यो स्थित 'लिटिल इंडिया' पहुंचकर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 'लिटिल इंडिया' में गांधी जी की प्रतिमा भारत–जापान मैत्री और सांस्कृतिक जुड़ाव का प्रतीक है।

उपमुख्यमंत्री–ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम

उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन अधिनियम को राज्य में जल्द ही लागू किया जाएगा। कल दुर्ग में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि गेमिंग ऐप के माध्यम से देश में पैसा देकर गेम खेलने की प्रवृत्ति लगातार बढ़ रही थी। ऐसे ऐप समाज के लिए बहुत ही हानिकारक थे। इसी को ध्यान में रखते हुए संसद ने ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक पारित किया है। यह कानून नागरिकों को ऑनलाइन मनी गेम्स के खतरे से बचाएगा।

माओवादी–गिरफ्तार

नारायणपुर जिले में सुरक्षा बलों ने एक माओवादी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार डीआरजी और आईटीबीपी के जवान सर्चिंग अभियान पर निकले थे, इसी दौरान दुर्गीन–मरकाबेड़ा के जंगल से इस माओवादी को गिरफ्तार किया गया। यह माओवादी इंद्रावती क्षेत्र में सक्रिय था। गिरफ्तार माओवादी से पूछताछ के बाद छिपा कर रखे गए हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। इसमें तीन बंदूक, बी.जी. एल. छह गोली और डेटोनेटर सहित विभिन्न विस्फोटक सामग्री शामिल हैं।

फर्जी अंकसूची–महिला गिरफ्तार

बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती में फर्जीवाड़ा करने के आरोप में पुलिस ने चार महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इन महिलाओं पर आरोप है कि ये सभी फर्जी अंकसूची लगाकर भर्ती प्रक्रिया में शामिल हुई और इनकी नियुक्त हो गई। इस मामले की शिकायत ग्राम जारगीम की एक महिला ने कलेक्टर से की थी। इसके बाद कलेक्टर ने फर्जी अंकसूची और अन्य दस्तावेज तैयार करने में संलिप्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए थे। मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच दल का गठन

किया गया। जांच में सभी की नियुक्ति फर्जी अंकसूची के आधार पर किया जाना पाया गया। इसके बाद पुलिस ने इन चारों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है।

खेल अलंकरण–सूची

प्रदेश के खेल विभाग ने इस वर्ष सम्मानित किए जाने वाले खिलाड़ियों की अनंतिम सूची जारी कर दी है। इस सूची में सतहत्तर खिलाड़ियों के नाम शामिल हैं, जिन्हें विभिन्न खेल पुरस्कारों से नवाजा जाएगा। गौरतलब है कि खिलाड़ियों का यह सम्मान समारोह तीन सितंबर को आयोजित होगा।

खेल संचालक तनुजा सलाम ने खिलाड़ियों की सूची जारी करते हुए बताया कि इस बार खिलाड़ियों को शहीद राजीव पांडे पुरस्कार, शहीद कौशल पांडे पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम सम्मान, शहीद विनोद चौबे सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी और ओलंपिक खेल सम्मान जैसे प्रतिष्ठित अलंकरणों से सम्मानित किया जाएगा।

तीजा–पोरा–सम्मेलन

राजधानी रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आज छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्योहार तीजा–पोरा धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। इस अवसर पर राज्य सरकार के मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों ने माताओं–बहनों का स्वागत किया और उन्हें उपहार स्वरूप साड़ी, श्रृंगार सामग्री और छत्तीसगढ़ी कलेवा भेंट किया।

समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि तीजा छत्तीसगढ़ में नारी शक्ति के मान, सम्मान और दृढ़ निश्चय का पर्व है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ महतारी के मान, सम्मान और गौरव को बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

समारोह को कृषि मंत्री रामविचार नेताम, महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने भी संबोधित किया।

''संडे ऑफ ऑन सायकल''

प्रदेश में आज फिट इंडिया मिशन के तहत विभिन्न जिलों में ''संडे ऑफ ऑन सायकल'' का आयोजन किया गया।

मुंगेली जिले में पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के नेतृत्व में मुंगेली पुलिस द्वारा सायकल चलाकर शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से प्रतिदिन सुबह लगभग तीस मिनट सायकल चलाने और शारीरिक रूप से फिट रहने की अपील की है।

वहीं, नारायणपुर पुलिस द्वारा भी बालक हाई स्कूल मैदान से पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक साइकिल रैली निकाली गई। इस दौरान "फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज़" का नारा बुलंद किया गया।

साइबर–जागरूकता

जांजगीर–चाम्पा जिले के बनाहिल गांव में स्थित ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय में 'सायबर जन जागरूकता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एडिशनल एसपी उमेश कश्यप ने सायबर अपराध से बचने, ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया के सुरक्षित तरीके से उपयोग करने के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा, वर्तमान में बढ़ रहे 'डिजिटल अरेस्ट' मामलों के बारे में छात्र–छात्राओं को जागरूक किया गया।

श्री कश्यप ने बताया कि वर्तमान में लिंक के माध्यम से खातों से पैसे निकालने की घटनाएं बढ़ रही है, इसलिए हमें साइबर सुरक्षा के प्रति सजग रहने और अपनी व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखने की आवश्यकता है।

उधर, नारायणपुर साइबर पुलिस टीम द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बंगलापारा में विद्यार्थियों और शिक्षकों को साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक रोबिनसन गुड़िया ने ऑनलाईन ठगी, एजुकेशन लोन ठगी, फर्जी कॉल, क्रेडिट कार्ड फ्रॉड और तरह–तरह के साइबर अपराधों से बचने के संबंध में जानकारी दी।

इस बीच, कांकेर पुलिस ने नब्बे लाख रुपए की सायबर ठगी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा म्युल अकाउंट के अन्य खातों को फ्रीज करने की कार्रवाई की जा रही है।

<u>कृषि विवि–कार्यक्रम</u>

रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में नव प्रवेशित स्नातक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत चार वर्षीय पाठ्यक्रम के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–आईसीएआर के पूर्व उपमहानिदेशक डॉ. आर.सी. अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि कृषि सदैव भारत की अर्थव्यवस्था, संस्कृति और सभ्यता की रीढ़ रही है। वर्तमान समय में कृषि केवल अन्न उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि पोषण, स्थिरता और जलवायु–लचीलापन सुनिश्चित करने का दायित्व भी निभा रही है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि दीक्षारंभ का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पूरे विश्वविद्यालय की संरचना, गतिविधियों और अवसरों की जानकारी देना है।

संक्षिप्त समाचार

- जांजगीर–चांपा जिले के कोसाबाड़ी गांव के पास दो दुपहिया वाहनों के बीच हुई टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। वहीं, तीन अन्य लोग घायल हो गए हैं।

- गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के पतेराटोला गांव में आज सुबह एक दंतैल हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। हाथी ने कई मकानों को तोड़कर घर में रखे अनाज को खा लिया। साथ ही फसलों को भी नुकसान पहुंचाया है।

- कोंडागांव पुलिस ने बांसकोट–उड़िसा मार्ग पर गांजा तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से करीब चालीस किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है, जिसकी कीमत चार लाख रूपए बताई जा रही है।

<><><><><><>